वीणा वादिनी माँ हंस वाहिनी माँ

वीणा वादिनी माँ हंस वाहिनी माँ,
तेरे ज्ञान से रोशन है सारा जहान,
कृपा तेरी जिस घर में हो जाएगी माँ,
कभी अज्ञान इक पल ना ठहरे वहाँ,
वीणा वादिनी मां हंस वाहिनी मां,
तेरे ज्ञान से रोशन है सारा जहान,

नवल उत्थान दो दया वरदान दो,
अपनी वीणा से भक्ति की तान सुना,
वीणा वादिनी मां हंस वाहिनी मां,
तेरे ज्ञान से रोशन है सारा जहान,

मन में अपने कोई मोह माया ना हो,
मन में अपने कोई मोह माया ना हो,
फिक्र चिंता का मिट जाए नामोनिशान,
वीणा वादिनी मां हंस वाहिनी मां,
तेरे ज्ञान से रोशन है सारा जहान,

कल कल बहती रहे तेरी करुणा की धार,
विद्या दायिनी भूलों को करना क्षमा,
वीणा वादिनी मां हंस वाहिनी मां,
तेरे ज्ञान से रोशन है सारा जहान,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20475/title/veena-vadini-maa-hans-vaahini-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |